हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 26 जून 2025, समय 1810 (10 मिनट)

**मुख्य समाचार :-**

- भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा।
- गृहमंत्री शाह ने कहा कि अपनी भाषा पर गर्व किये बिना कोई भी गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।
- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि कृषि उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति को अमलीजामा पहनाने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए ।
- आज अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस" पर लोगों को नशों के खिलाफ जागरूक किया गया।

*******************************************************************

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आई.एस.एस. पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा। अंतरिक्ष से एक वेबकास्ट में अपनी यात्रा का ब्यौरा साझा किया।

*नमस्कार, एक छोटा सा संदेश मेरे सारे देशवासियों के लिए। एक महीने क्वारंटीन में रहने के बाद कल हम लोग लॉन्चपैड-39 से लॉन्च हुए। जहां से अपोलो-11 मिशन भी लॉन्च हुआ था। इस समय स्पेस में बहुत प्राउड फील कर रहा हूं। अभी हम लोग कुछ ही घंटों में आई.एस.एस. में डॉक करेंगे और फिर हम इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाके रहेंगे। पर कहीं न कहीं ये भी दर्शाता है कि ये भारत के ह्युमेंस बेस प्रोग्राम भी, एक छोटा का स्टेप और एक बहुत सॉलिड और स्टडी स्टेप है। उस डायरेक्शन में जिस तरफ हम जा रहे हैं, गगनयान जैसे मिशन को लेके। तो मैं चाहता हूं कि आप सब मेरी इस जर्नी का हिस्सा बनें। साथ ही उतना ही प्राउड फील करें जितना मैं फील कर रहा हूं। बिकोज ये हमारी एस्पीरेशन को दर्शाता है कि हम किस तरफ जाना चाहते हैं।*

*******************************************************************

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिंदी अन्य भारतीय भाषाओं की सहयोगी भाषा है और हिन्दी को दूसरी भाषाओं की प्रतिद्वंद्वी भाषा नहीं समझा जाना चाहिए। नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह में श्री शाह ने कहा कि जब तक व्यक्ति अपनी भाषा पर गर्व नहीं करेगा, अपनी भाषा में अपनी बात नहीं कहेगा, तब तक वह गुलामी की मानसिकता से मुक्त नहीं हो सकता।

नीट, सीयूईटी, ऐसी कई भाषाओं को अब 13 भाषाओं में इसकी परीक्षा ली जाएगी। पहले कभी भी सीएपीएफ के कांस्टेबल की भर्ती में अंग्रेजी या हिंदी में ही आप कर सकते हैं। हम इसको लचीला बनाकर, हमने 13 भाषाओं को इसके परीक्षा देने की अनुमति दी और आज मुझे कहते हुए आनंद है कि 95 प्रतिशत तक परीक्षार्थी अपनी मातृभाषा में कांस्टेबल की परीक्षा देंगे।

*******************************************************************

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति द्वारा आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में काला दिवस मनाया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उन परिवारों के सदस्यों को सम्मानित किया जिन परिवारों के सदस्यों ने इस त्रासदी को सहा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा गुरुद्वारा सिख प्रबंधक समिति के प्रधान जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि यह त्रासदी सिखों के लिए बहुत दुखदायक थी। इस दौरान बलजीत सिंह दादूवाल ने विक्रम सिंह मजीठिया की गिरफ्तारी पर बोलते हुए कहा कि उन्होंने जो किया वही उन्हें भुगतना पड़ रहा है।

*******************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा है कि बिजली बिलों की दरों को लेकर कुछ लोगों द्वारा बिजली बिल 4 गुना तक बढ़ने का किया जा रहा भ्रामक प्रचार पूरी तरह से गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि राज्य के कृषि उपभोक्ताओं की बिजली दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसी प्रकार, 2 किलोवॉट तक के घरेलू उपभोक्ताओं के मासिक बिल में साल 2014- 2015 की तुलना में 49 से 75 प्रतिशत तक की कमी आई है जबकि श्रेणी- दो के अधिकांश उपभोक्ताओं के बिलों में भी कमी दर्ज की गयी है। श्री विज ने कहा कि संशोधित बिजली टैरिफ संरचना के अनुसार, हमने सभी श्रेणियों के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क समाप्त कर दिया गया है ।

*******************************************************************

हरियाणा सरकार ने मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति कोअमलीजामा पहनाने के लिए हर विभाग को ग्रुप'ए' याग्रुप 'बी' श्रेणीके नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने 47 विभागों के 22 प्रशासनिक सचिवों को यहनिर्देश जारी किए हैं।नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक स्तर या उससे ऊपर का होगा, जो ऑनलाइन तबादला नीति के कार्यान्वयन मेंसम्बन्धित प्रशासनिक सचिव की सहायता करेगा। साथ ही, सरकारने ऑनलाइन तबादला नीति में शामिल किए जाने या इससे निकाले जाने वाले काडर की सूचीभी प्रकाशित करने के निर्देश दिए हैं।नोडल अधिकारी की नियुक्ति और काडर सूची केप्रकाशन का कार्य एचआरएमएस पोर्टल' केमाध्यम से किया जाएगा।

*******************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा के फूरलक रोड पर पौने दो करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया । उन्होंने कहा कि अगले कुछ सालो में घरौंडा हल्के कि सूरत बदल जाएगी । श्री कल्याण ने कहा कि घरौंडा में लड़कियों का स्कूल, पार्कों और बस अड्डे का निर्माण कराया गया है । इसके अलावा, न केवल घरौंडा को उपमंडल का दर्जा दिलाया गया है ।

*******************************************************************

पूर्व मंत्री असीम गोयल और उपमहापौर राजेश मेहता ने आज अम्बाला शहर में लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली गौशाला और नंदीशाला के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री असीम गोयल ने कहा कि गौ माता के प्रति आमजन को भी अपने भाव में बदलाव लाना होगा। उन्होंने बताया कि गौशाला के साथ ही एक आकर्षक पार्क बनाने के निर्देश भी दिए गये हैं

*******************************************************************

आज अंतर्राष्ट्रीय मादक द्रव्य दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस" पर लोगों को नशों के खिलाफ जागरूक किया गया।

भिवानी में पुलिस द्वारा आज इस उपलक्ष्य में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। रोहतक रेंज के पुलिस महानिरीक्षक वाई पूरण कुमार ने मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। युवाओं ने 5 किलोमीटर तक दौड़ लगाकर लोगों को नशे दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया। मैराथन दौड़ से पहले विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां करवाई गई। जिसमें युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ विभिन्न ग्राम पंचायत और पार्षदों को सम्मानित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक वाई पूरण कुमार ने बताया कि इन कार्यक्रमों का मकसद हरियाणा को नशा मुक्त बनाना है।

उन्होंने बताया –

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि सभी गावों को नशा मुक्त किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जो युवा नशे की लत में पड़े हैं और नशा छोड़ना चाहते हैं, उनकी रुचि खेल की तरफ बढ़ा रहे हैं।

*****************************************************************

अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस पर अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष एवं विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले पहलवान बिजेंद्र सिंह ने भिवानी शहर में विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

उन्होंने बताया –

*****************************************************************

आज अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर हिसार के नागरिक अस्पताल में भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नागरिक अस्पताल के मास्टर वॉलिंटियर राहुल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर सपना गहलोत, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारी साथ ही पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस अवसर पर उन्हें नशा न करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल के नर्सिंग कॉलेज में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

*****************************************************************

पलवल में नशा मुक्त अभियान के तहत जिला समाज कल्याण विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा पृथला खंड में जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस दौरान कार्यक्रम में शामिल लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए सभी को नशा नहीं करने की शपथ दिलाई गई।

अम्बाला पुलिस द्वारा भी पुलिस पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के नेतृत्व में हर्बल पार्क से नशे के खिलाफ साइकिल रैली निकाल कर युवाओं व आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। पंचकूला में भी विभिन्न स्थानों पर कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि जागरूकता शिविरों में जनता, विशेषकर युवाओं को मादक द्रव्य दुरुपयोग के दुष्प्रभावों तथा अवैध मादक द्रव्य तस्करी के कानूनी निहितार्थों के बारे में शिक्षित किया गया।

*****************************************************************